भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1509

दिनांक 27.11.2019 को उत्तर देने के लिए

बंधक के रूप में भारतीय

1509. **श्री ज्योतिर्मय सिंह महतोः**

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान विदेशों में भारतीय नागरिकों को बंधक बनाए जाने की घटनाओं की संख्या कितनी है और क्या वह सरकार की जानकारी में आया है;

(ख) दक्षिण सूडान जहाँ भारतीय सरकार और विद्रोहियों के मध्य कुछ वर्ष पूर्व हुए युद्ध में फंस गए थे, सहित संघर्षरत क्षेत्रों में फंसे भारतीयों को वापस भारत लाने और बचाए गए भारतीयों की संख्या कितनी है; और

(ग) क्या सरकार ने ऐसी घटनाओं के कारण प्रभावित लोगों को सहायता/राहत प्रदान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन पर कुल कितना व्यय हुआ है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) उपलब्ध सूचना के अनुसार, पिछले दो वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान विभिन्न देशों में 65 भारतीयों को बंधक बनाया गया है। इसका देश-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख) और (ग) पिछले कुछ वर्षों के दौरान सरकार ने युद्धग्रस्त तथा आपदा प्रभावित क्षेत्रों से भारतीय राष्ट्रिकों की वापसी को सुविधाजनक बनाने के लिए विशेष अभियान चलाए हैं जिनका ब्यौरा नीचे दिया गया है। विदेशों में रह रहे भारतीय राष्ट्रिकों की सुरक्षा एवं हिफाजत करना भारत सरकार के लिए सर्वाधिक चिंता का विषय है। सरकार युद्धग्रस्त देशों में परिस्थिति पर लगातार नजर रखती है और प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने तथा उन्हें वहाँ से सुरक्षित निकालने के लिए हरसंभव प्रयास करती है।

क्र.सं.	देश	भारतीयों की संख्या	सहायता का ब्यौरा
1	यूक्रेन	1082 भारतीय मेडिकल छात्र	वर्ष 2014 में पूर्वी यूक्रेन के लुहांस्क तथा डोनेस्क प्रांत से सरकार द्वारा 1082 भारतीय मेडिकल छात्रों को निकाला गया और उन्हें भारत वापस भेजा गया
2	लीबिया	3776 भारतीय	वर्ष 2014 से 2017 के दौरान 3776 भारतीय राष्ट्रिकों को वहाँ से सुरक्षित निकलने में उन्हें सहायता प्रदान की गई
3	इराक	7195 भारतीय	वर्ष 2014 में 7195 भारतीय राष्ट्रिकों को भारत वापस लौटने के लिए सहायता प्रदान की गई जिनमें लगभग 6195 कामगारों को हवाई टिकटें भी उपलब्ध कराई गईं।
4	इराक	39 भारतीय	जून, 2014 के दौरान आईएसआईएस आतंकवादियों द्वारा इराक में मोसुल शहर से 39 भारतीय कामगारों के एक समूह का अपहरण कर लिया गया था। बाद में वर्ष 2017 के दौरान इराक सरकार द्वारा आईएसआईएस के कब्जे से छुड़ाए गए इलाकों में इनके पार्थिव शरीर दफ़न पाए गए। इनके पार्थिव शरीर अप्रैल 2018 में वापस लाकर उनके परिजनों को सौंप दिए गए।
5	यमन	1947 विदेशियों सहित 6710 व्यक्ति	मार्च से अप्रैल, 2015 के दौरान राहत अभियान के तहत यमन से कुल 6710 भारतीय राष्ट्रिकों को बचाया गया
6	दक्षिण सूडान	153 भारतीय तथा 2 नेपाली नागरिक	जुलाई, 2016 में संकटमोचन नामक अभियान के तहत दक्षिण सूडान से 153 भारतीय राष्ट्रिकों और नेपाल के 2 नागरिकों को बचाया गया

लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या **1509** का अनुबंध

वर्ष **2017** से **2019** की अवधि के दौरान बंधक बनाए गए भारतीय राष्ट्रिकों के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या **1509**		
क्र.सं.	देश का नाम	विदेशों में अपहृत/बंधक बनाए गए भारतीय राष्ट्रिकों की संख्या
1	अफ़गानिस्तान	**9**
2	क्यूबा	**2**
3	इराक	**1**
4	केन्या	**10**
5	म्यांमार	**5**
6	नाइजीरिया	**32**
7	सर्बिया	**1**
8	दक्षिण अफ्रीका	**3**
9	दक्षिण सूडान	**2**
कुल		**65**

***